दिनांक 19.05.2023

Rajasthan Police

।। प्रेस नोट।।

कार्यलय पुलिस थाना मण्डोर, जोधपुर पूर्व

➤ **पुलिस द्वारा अपराधीयों के विरूद्व धरपकड. एवं गिरफ्तारी के प्रभावी अभियान की कार्यवाही के तहत सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी आधार पर एक वांछित अपराधी गिरफ्तार।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त महादेय श्रीमान रविदत्त गौड. एवं पुलिस उपायुक्त महादेया जोधपुर पूर्व श्रीमति अमृता दुहन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार व अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त महादेय श्री नाजिम अली एवमं एसीपी साहब वृत मंडोर श्री राजेन्द्र प्रसाद दिवाकर के निकटतम सुपरविजन थाना मंडोर में एक विशेष टीम का गठन कर सीसीटीवी व तकनीकी आधार पर एक वंछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त घटनाक्रमः— दिनांक 05.05.2023 को प्रार्थी रामनिवास शर्मा पुत्र सत्यनारायण जाति ब्राह्मण निवासी पहाड़गंज प्रथम हाल बालाजी सैनिक स्टोर किओस्क पीटीएस गेट मैन मंडोर रोड जोधपुर ने एक लिखित रिपोर्ट दी कि दिनांक 4 मई 2023 को दुकान बंद करने के बाद घर चला गया मेरी दुकान में मेरे दो कर्मचारी भरत वह मुकेश सो रहे थे इस दरमियान रात्रि करीब 12.बजकर 40 मिनट के आस पास एक सफेद कार में सवार होकर आर 3—4 लोग दुकान के आगे रूके इसमें दो युवक दुकान पर आए शराब के नशे में सिगरेट की मांग की कर्मचारी भरत ने मना किया तो दोनों युवक बहस करने लगे और आक्रोशित हो गए। दोनों ने अपने आप को पुलिस की स्पेशल टीम में होने की बात कही तो भरत ने कहा कि सिगरेट केबिन में है चाबी नहीं है तो भी बहस करते रहे आग्रह किया फिर भी नहीं माने ।इसके बाद दोनों कार के पास गए और आवेश में आकर वापस दुकान के आगे लगा दरवाजा जोर से खींचकर तोड़ अंदर घुस गए और भरत के साथ जमकर दोनों ने मारपीट की इसके बाद घसीट कर दुकान के बाहर पटक दिया और लातों घुसो से जमकर मारपीट की जैसे तैसे दोनों आरोपियों के चंगुल से हटकर भरत ने जान बचाई इसके बाद अपनी कार में सवार होकर दोनों फरार हो गए। वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

पुलिस कार्यावाहीः— उक्त घटना को गंभीरता से लिया जाकर एक विशेष टीम गठन कर घटनास्थल व उसके आस—पास व आने—जाने वालें रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों को गहनता से चैक कर वारदात में शामिल अज्ञात मुलजिमान तलाश की गयी। दौराने तलाश सीसीटीवी फुटेज व आसूचना संकलन के आधार पर आरोपी की पहचान की जाकर आरोपी महिपाल सिह उर्फ मोनु पुत्र श्री स्व. भारतसिह उर्फ भरतसिह जाति राजपुत उम्र 23 साल निवासी ग्राम नगवाडा जिला नागौर हाल मकान संख्या 48 रामनगर आरटीओं ऑफिस के पिछे,बीजेएस कोलोनी पुलिस थाना महामंन्दिर जोधपुर को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया। जिसको न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया हैं। प्रकरण में अनुसंधान जारी हैं। अन्य शरीक आरोपीगणों की तलाश जारी हैं।

मुलजिमः– महिपाल सिह उर्फ मोनु पुत्र श्री स्व. भारतसिह उर्फ भरतसिह जाति राजपुत उम्र 23 साल निवासी ग्राम नगवाडा जिला नागौर हाल मकान संख्या 48 रामनगर आरटीओं ऑफिस के पिछे,बीजेएस कोलोनी पुलिस थाना महामंन्दिर जोधपुर।

पुलिस टीम :–

01.श्री ईश्वरचन्द्र पारीक निपु थानाधिकारी पुलिस थाना मंडोर।
02.श्री ओमप्रकाश सउनि
03.श्री जयपाल कानि 2349
04.श्री नरसिगराम कानि 2199

(ईश्वरचन्द्र पारीक नि.पु.)
थानाधिकारी
पुलिस थाना मण्डोर,
जिला जोधपुर पूर्व।
टेली फोन नं. 0291–2650751

फोटो अभियुक्तः–